# FD-2068

M.Com. (Final) Examination, 2022

Compulsory

Paper - III

Income Tax Law and Tax Planning

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

**इकाई / Unit-I**

**1.** निवास स्थान के आधार पर करदाताओं को किन-किन श्रेणीयों में रखा गया है? इस श्रेणी का निश्चय किस प्रकार किया जाता है? उनमें से प्रत्येक श्रेणी के अन्तर्गत उनकी कुल आय की गणना किस प्रकार की जाती है?

What are the different categories of assessees according to their Residential status ? How is status determined ? How is total income computed in respect of them ?

***अथवा / OR***

श्री योगेश सेठी भारतीय जीवन बीमा निगम में विकास अधिकारी हैं। उन्हें ₹ 1,82,000 प्रतिमाह वेतन, ₹ 8,000 प्रतिमाह महंगाई भत्ता एवं ₹ 6,000 प्रतिमाह मकान किराया मिलता है। उन्हें केवल कर्यालयिन कार्यों के लिए एक मारुति मोटर कार दी गयी है। इसके अलावा कम्पनी ने अन्हें अर्हतादायक सीमा से अधिक का कारोबार करने पर ₹ 2,40,000 बोनस भी दिया।

वह इन्दौर में एक किराये के फ्लैट में रहते हैं, जिसका किराया ₹ 20,000 प्रतिमाह है। जीवन बीमा निगम ने उनके जीवन बीमा की प्रीमियम ₹ 66,000 स्वयं जमा की। निगम ने उनके लायंस क्लब के बिलों का भुगतान किया ₹ 18,000। जीवन बीमा निगम ने उन्हें गृह निर्माण के लिये 6% ब्याज दर पर 10 वर्ष के लिए एक ऋण दिया है, जिसके लिये गतवर्ष में देय ब्याज ₹ 1,20,000 की कटौती उनके वेतन से की गयी। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया गृह ऋण के लिए लागू दर 7.2% है।

वह अलग से एक कर सलाह कन्सलटैन्सी चलाते हैं, जिससे उन्हें गतवर्ष में ₹ 18,000 की आय प्राप्त हुयी। कर-निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिये उनके वेतन की आय की गणना कीजिए। वर्ष 2021-22 के लिये उनके वेतन की आय की गणना कीजिए। वर्ष 2020-21 के लिये व्यवसाय कर ₹ 2,500 देय है, जो कि उनके वेतन से नहीं काटा गया है।

Shri Yogesh Sethi is a Development Officer in Life Insurance Corporation of India.

He gets salary ₹ 1,82,000 per month, ₹ 8,000 per month Dearness Allowance and ₹ 6,000 per month House Rent Allowance. He is provided a Maruti motor car only for official use besides he was paid ₹ 2,40,000 as a bonus for extra business after qualifying limit. He resides in a rental flat at indore, rent of which is ₹ 20,000 per month.

LIC borne the Insurance Premium on his life ₹ 66,000. The corporation paid the lions club bills ₹ 18,000. Life Insurance Corporation provided loan for construction of a house for

10 years @ 6% per annum and interest was due ₹ 1,20,000 for the previous year deducted from his salary. Lending rate declared by SBI is 7.2% for housing loan.

He runs a tax consultancy separately and income of ₹ 18,000 has been recevied from it during the previous year.

Compute his income from salary for the Assessement year 2021-22. Professional tax was due ₹ 2,500 for the year 2020-21 which has not been deducted against his salary.

**इकाई / Unit-II**

**2.** दीर्घकालीन पूँजी लाभ तथा अल्पकालीन पूँजी लाभ में क्या अंतर है, बताइए। दीर्घकालीन पूँजी लाभ की गणना कैसे की जाती है?

Distinguish between long-term capital gains and short-term capital gains. Discuss the procedure of computation of long-term capital gains.

***अथवा / OR***

31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए श्री रामकिशन अग्रवाल का लाभ-हानि खाता निम्न प्रकार है :

| विवरण | राशि (₹) | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| वेतन एवं मजदूरी | 10,000 | सकल लाभ | 4,51,800 |
| किराया एवं कर | 5,000 | प्रतिभूतियों से ब्याज | 1,600 |
| व्यापारिक व्यय | 1,600 | मकान संपत्ति से प्राप्त किराया | 4,800 |
| विज्ञापन | 1,000 | बट्टा एवं कमीशन | 8,000 |
| घरेलू व्यय | 4,750 | डूबत ऋण वापिस मिला | 2,000 |
| बट्टा | 1,075 | | |
| पोस्टेज एवं स्टेशनरी | 200 | | |
| अग्नि बीमा प्रीमियम (मकान) | 300 | | |
| जीवन बीमा प्रीमियम | 1,000 | | |
| दान | 1,000 | | |
| आयकर | 1,800 | | |
| ह्रास | 1,500 | | |
| मरम्मत (मकान) | 500 | | |
| अंकेक्षण व्यय | 525 | | |
| रहतिया पर हानि | 1,700 | | |
| पूंजी पर ब्याज | 400 | | |
| नगरपालिका कर | 800 | | |
| शुद्ध लाभ | 4,35,050 | | |
| | 4,68,200 | | 4,68,200 |

2020–21 के लिए व्यापार की सम्पत्तियों पर स्वीकृत ह्रास ₹ 1,900 है। अग्नि बीमा प्रीमियम, मरम्मत एवं नगरपालिका कर ऐसे मकान से सम्बन्धित हैं,

जिसका आधा भाग व्यापार के उपयोग में आता है, तथा आधा किराये पर दिया है। कर–निर्धारण वर्ष 2021–22 के लिये व्यापार की आय ज्ञात कीजिए।

For the year ending 31st March, 2021, Mr. Ram Kishan Agrawal's P & L Account is as under :

| Particulars | Amount (₹) | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Salary and Wages | 10,000 | Gross Profit | 4,51,800 |
| Rent and Taxes | 5,000 | Interest on Securities | 1,600 |
| Commercial expenses | 1,600 | Rent received from house property | 4,800 |
| Advertisment | 1,000 | Discount and Commission | 8,000 |
| Household expenses | 4,750 | Bad debts recovered | 2,000 |
| Discount | 1,075 | | |
| Postage and Stationery | 200 | | |
| Fire Insurance Premium (House) | 300 | | |
| Life Insurance Premium | 1,000 | | |
| Donation | 1,000 | | |
| Income Tax | 1,800 | | |
| Depreciation | 1,500 | | |
| Repairs (House) | 500 | | |
| Audit expenses | 525 | | |
| loss on stock | 1,700 | | |
| Interest on Capital | 400 | | |
| Municipal tax | 800 | | |
| Net Profit | 4,35,050 | | |
| | 4,68,200 | | 4,68,200 |

Approved/granted depriciation on business properties for 2020-21 is ₹ 1,900. Fire insurance premium, Repairs and Municipal tax is related to such a house, of which half portion is used for business and the remaining half is let out. Find the income from business for the Assessment Year 2021-22.

## इकाई / Unit-III

**3.** कर–निर्धारण वर्ष 2021–22 के लिये श्री हनुमान प्रसाद निम्न सूचनाएँ प्रदान करता है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | आपसी कोष के यूनिटों की आय | 2,00,000 |
| (*b*) | व्यापार के लाभ | 1,20,000 |
| (*c*) | अल्पकालीन पूँजी लाभ | 2,50,000 |
| (*d*) | दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 75,000 |
| (*e*) | घुड़ दौड़ के घोड़े के स्वामित्व एवं रख–रखाव से आय | 2,50,000 |
| (*f*) | वर्ग पहेली से आय | 2,80,000 |

निम्न मद आगे लाये गये हैं :

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | कर–निर्धारण वर्ष 2019–20 से आगे लायी गयी व्यापारिक हानियाँ | 1,70,000 |
| (*ii*) | अशोधित ह्रास कर–निर्धारण वर्ष 2019–20 | 80,000 |

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*iii*) | 2017–18 कर–निर्धारण वर्ष के संबंध में दीर्घकालीन पूँजी हानि | 4,20,000 |
| (*iv*) | कर–निर्धारण वर्ष 2020–21 के संबंध में घुड़ दौड़ के घोड़ों के स्वामित्व एवं रख–रखाव से हानि आगे लायी गयी। | 3,50,000 |
| (*v*) | कर–निर्धारण वर्ष 2018–19 की सट्टे के व्यापार की हानि | 2,00,000 |

कर–निर्धारण वर्ष 2021–22 के लिये श्री हनुमान प्रसाद की सकल कुल व्यय की गणना कीजिए।

Shri Hanuman Prasad submits the following information relevent for the Assessment Year 2021-22 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | Income from units of Mutual Funds | 2,00,000 |
| (*b*) | Profit of Business | 1,20,000 |
| (*c*) | Short-term Capital gains | 2,50,000 |
| (*d*) | Long-term Capital gains | 75,000 |
| (*e*) | Income from owning and maintaining horse race | 2,50,000 |
| (*g*) | Income from crossword puzzles | 2,80,000 |

The following items have been brought forward :

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | Brought forward business loss (from Assessment Year 2019-20) | 1,70,000 |

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*ii*) | Unabasorbed depreciation (from Assessment Year 2019-20) | 80,000 |
| (*iii*) | Long-term Capital loses in respect of the Assessment Year 2017-18 | 4,20,000 |
| (*iv*) | Brought forward loss from the activity of owning and maintaining horse race of the Assessment Year 2020-21 | 3,50,000 |
| (*v*) | Speculation loses of the Assessment Year 2018-19 | 2,00,000 |

Find out the gross total income of Mr. Hanuman Prasad for the Assessment Year 2021-22.

***अथवा / OR***

आयकर प्राधिकारी कौन-कौन से हैं ? उनके अधिकार समझाइए।

Which are the various Income Tax Authorities ? Discuss their powers.

**इकाई / Unit-IV**

**4.** श्री हरिनारायण शर्मा एक हिन्दू अविभाजित परिवार के 'कर्त्ता' हैं। उन्होंने 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए परिवार की आय के संबंध में निम्नलिखित सूचनाएँ प्रेषित की हैं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | एक सदस्य द्वारा कहीं अन्य स्थान पर सेवा करने से प्राप्त वेतन | 1,20,000 |
| (*b*) | व्यापार की आय (₹ 10,720 आयकर घटाने के बाद) | 4,04,500 |
| (*c*) | कर्त्ता द्वारा प्राप्त संचालक शुल्क व्यक्तिगत परिश्रम से | 10,000 |
| (*d*) | किराये पर उठाये गये सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य | 16,000 |
| (*e*) | संपत्ति पर नगरपालिका कर | 1,600 |
| (*f*) | संपत्ति के हस्तांतरण पर दीर्घकालीन पूँजी लाभ (गणना किया हुआ) | 6,000 |
| (*g*) | विनियोग के हस्तांतरण पर दीर्घकालीन पूँजी लाभ (गणना किया हुआ) | 19,000 |
| (*h*) | भारतीय कंपनियों से लाभांश | 11,500 |
| (*i*) | एक साझेदारी फर्म से लाभ | 10,000 |
| (*j*) | एक अनुमोदित चिकित्सा संस्था को दान दिया | 48,000 |

परिवार की कुल आय की गणना कीजिए। परिवार का एक सदस्य विकलांग है, जिसकी चिकित्सा पर परिवार ने ₹ 28,000 व्यय किये।

Shri Harinarayan Sharma is 'Karta' of a H.U.F. He furnished the following information about his family income for the year ending 31st March, 2021 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*a*) | Salary received from a member who is serving at some other place | 1,20,000 |
| (*b*) | Business income (after deducting income tax ₹ 10,720) | 4,04,500 |
| (*c*) | Director fees received by Karta from personal efforts | 10,000 |
| (*d*) | Annual value of let out property | 16,000 |
| (*e*) | Municipal tax on property | 1,600 |
| (*f*) | Long-term Capital gain from transfer of property (computed) | 6,000 |
| (*g*) | Long-term Capital gain from transfer of investment (computed) | 19,000 |
| (*h*) | Dividend from Indian companies | 11,500 |
| (*i*) | Profit from a partnership firm | 10,000 |
| (*j*) | Donation to a recognised medical institution | 48,000 |

Compute total income of the family. A member of the family is handicapped and the family spent ₹ 28,000 for his treatment.

***अथवा / OR***

हिंदू अविभाजित परिवार की कुल आय की गणना कैसे की जाएगी। कौन-कौन सी आयें हिंदू अविभाजित परिवार की कुल आय में नहीं जोड़ी जाती हैं ?

How would you determine the total income of Hindu Undivided Family ? Which incomes are not included in the total income of Hindu Undivided Family ?

## इकाई / Unit-V

**5.** कर नियोजन, कर बचाव तथा कर वचंन में अंतर बताइए।

Distinguish among tax planning tax, avoidence and tax evasion.

***अथवा / OR***

निम्नलिखित को समझाइए :

(*a*) अन्तर-निगमित लाभांश

(*b*) बोनस अंश

(*c*) माने गये लाभांश के संबंध में एकत्रित लाभ

Explain the following :

(*a*) Inter-Corporate dividends

(*b*) Bonus shares

(*c*) Accumulated profits in relation to deemed dividend

---